# कार्यालय जनपद न्यायाधीश, जे.पी. नगर

## यू.पी.एस. बैटरी हेतु अनिवार्य नियम एंव शर्ते

1. माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय के आदेश के अनुपालन में जनपद न्यायालय, जे.पी. नगर हेतु Exide कंपनी की सेफ पावॅर 12 वोल्ट 28 ए.एच. की 48 बैटरियां क्रय किए जाने के संबंध में वित्त पत्र अंक 2011 के भंडार क्रय नियम पैरा 11 व 12 में निहित प्रावधानों के अधीन दिनांक 05.03.2016 को सांय चार बजे तक पंजीकृत एवं अधीकृत फर्मो से सीलबंद निविदाऐं आमंत्रित की जाती हैं।
2. निविदा प्रस्तुत करने वाली पंजीकृत एवं अधिकृत फर्म सेल टैक्स व राज्य को अदा किए जाने वाले अन्य करों हेतु पंजीकृत होनी चाहिए।
3. निविदा प्रस्तुत करने वाली पंजीकृत एवं अधिकृत फर्म को जनपद न्यायालय, जे.पी. नगर में बैटरियां स्थापित करने वाले स्थल पर उपरोक्त बैटरियों हेतु उनकी स्थापना के उपरांत न्यूनतम दो वर्ष की आन साइट वारंटी देना अनिवार्य है।
4. जनपद न्यायालय जे.पी. नगर में उपलब्ध निम्नलिखित 48 बैटरियां इसी निविदा के साथ निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म के द्वारा बाई बैक स्कीम ( Buy Back Scheme) के अन्तर्गत खरीदी जानी हैं। अतः उक्त 48 बैटरियों के खरीद मूल्य को ध्यान में रखते हुए ही निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म अपना मूल्य दर प्रस्तुत करे।

   जनपद न्यायालय जे.पी. नगर विक्रय/वापसी हेतु उपलब्ध पुरानी बैटरियों का विवरण :-

   1. Exide की 12 Volt, 26 AH की 10 बैटरियां
   2. Global की 12 Volt, 28 AH की 02 बैटरियां
   3. Amaron की 12 Volt, 28 AH की 36 बैटरियां

   कुल – 48 बैटरियां

5. UPS की बैटरी हेतु सभी प्राप्त निविदाऐं दिनांक 05.03.2016 को ही उक्त समिति के समक्ष ही सायं 04:00 बजे जनपद न्यायालय, जे.पी. नगर के सभागार कक्ष में समिति द्वारा खोली जाएगी। निविदा प्राप्त होने की नियत अंतिम तिथि व समय के उपरांत प्राप्त होने वाली किसी निविदा पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म यदि चाहे तो अपने अधिकृत प्रतिनिधि को निविदाऐं खोले जाने के समय भेज सकती है।
6. निविदा प्रस्तुत करने वाली पंजीकृत व अधिकृत फर्म सभी करों को सम्मिलित करते हुए ही अपना कोटेशन/दर प्रस्तुत करे, एक बार निविदा प्रस्तुत कर दिए जाने के बाद कोटेशन की दर या कर में कोई वृद्धि अनुमन्य नहीं होगी और दी गई कोटेशन/दर ही अंतिम होगी।
7. जनपद न्यायालय, जे.पी. नगर द्वारा Exide सेफ पावर यू.पी.एस की 12 Volt, 28 AH की 48 बैटरियों को क्रय किए जाने हेतु जारी निविदा आवेदन फार्म केन्द्रीय नजारत से अथवा जनपद न्यायालय, जे.पी. नगर की आधिकारिक वेबसाइट से अपलोड कर प्राप्त किए जा सकते हैं। यह निविदा फार्म 100.00 रू0 (एक सौ रू0 मात्र) का शुल्क केन्द्रीय नजारत, जे.पी. नगर में जमा कर प्राप्त किया जा सकता है और यह निविदा फार्म धरोहर/जमानत राशि अंकन 2500.00 रू0 के साथ जमा किया जाना है। उक्त निविदा फार्म शुल्क व निविदा धरोहर राशि नकद या बैंक ड्राफ्ट या भारतीय पोस्टल ऑर्डर के रूप में जनपद न्यायाधीश, जे.पी. नगर के नाम देय है। जनपद न्यायालय, जे.पी. नगर की आधिकारिक वेबसाइट से निविदा फार्म डाउनलोड करने पर निविदा फार्म शुल्क डाउनलोड किए गए मूल निविदा फार्म के साथ नकद या बैंक ड्राफ्ट या भारतीय पोस्टल ऑर्डर के रूप में माननीय जनपद न्यायाधीश के नाम धरोहर राशि सहित निविदा प्राप्त होने की नियत अंतिम तिथि व समय से पूर्व केन्द्रीय नजारत, जे.पी. नगर में प्राप्त करवाने की जिम्मेदारी निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म की होगी।
8. वित्तीय नियम संग्रह खण्ड–5 भाग–1 के पैरा–71 के अनुसार धरोहर/जमानत धनराशि को, राष्ट्रीय बचत पत्रों, राष्ट्रीयकृत बैंकों के मियादी जमा रसीदों, बैंक जमा रसीदों

इत्यादि के रूप में भी "जनपद न्यायालय, जे.पी. नगर" के पक्ष में जमा किया जा सकता है।

9. निविदाओं की नियम एवं शर्तो का किसी भी कार्य दिवस में केन्द्रीय नजारत अनुभाग, जनपद न्यायालय, जे.पी. नगर में समय 10:30 बजे से सांय 04:30 बजे तक अवलोकन कर प्राप्त किया जा सकता है या जनपद न्यायालय, जे.पी. नगर की आधिकारिक वेबसाइट पर अवलोकित किया जा सकता है।

10. निविदा के साथ जमा की गई धरोहर/जमानत धनराशि नकद अथवा उक्त धनराशि का बैंक ड्राफ्ट या राष्ट्रीय बचत पत्र, राष्ट्रीयकृत बैंकों के मियादी जमा रसीद टेण्डर स्वीकृत न होने की दशा में उसी दिन अथवा अगले कार्य दिवस में वापस कर दी जाएगी।

11. निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म निविदा सीलबंद लिफाफें में नियत अंतिम तिथि व समय से पूर्व केन्द्रीय नजारत जनपद न्यायालय, जे.पी. नगर में प्रस्तुत करें व सीलबंद लिफाफे के ऊपर यू.पी.एस. बैटरियां हेतु निविदा का स्पष्ट उल्लेख करते हुए फर्म के नाम का भी उल्लेख करें।

12. समस्त बैटरियां आपूर्तिकर्ता को नजारत अनुभाग जजी, जे.पी. नगर में स्वयं अपने व्यय/खर्चे पर पहुंचा कर न्यायालय में स्थापित करनी होगी और समस्त पुरानी बैटरियां अपने व्यय/खर्चे पर नजारत अनुभाग जनपद न्यायालय, जे.पी. नगर से प्राप्त करनी होगी।

13. किसी भी निविदा या समस्त निविदाओं को बिना कोई कारण बताए निरस्त करने का अधिकार जनपद न्यायालय, जे.पी. नगर में निहित है और इस संदर्भ में उनका निर्णय अंतिम होगा।

14. बैटरियों की आपूर्ति किए जाने की संख्या माननीय उच्च न्यायालय द्वारा उपलब्ध करवाए गए बजट के अनुसार निविदाकर्ता फर्म को बताई जाएगी, जो 48 बैटरियों की संख्या से घट या बढ़ सकती है। माननीय उच्च न्यायालय द्वारा उपलब्ध करवाए गए बजट से अधिक क्रय राशि होने पर बैटरियों का क्रय मूल्य माननीय उच्च न्यायालय द्वारा शेष बजट उपलब्ध करवाए जाने पर ही होगा।

15. किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र केवल मात्र जनपद न्यायालय, जे.पी. नगर ही होगा।

03/02/2016

(राज कुमार सिरोही)
सदस्य क्रय समिति
जे0पी0 नगर

(सुभाष सिंह)
सदस्य क्रय समिति
जे0पी0 नगर

(अखिलेश दुबे) 3-2-2016
अध्यक्ष क्रय समिति
जे0पी0 नगर

Approved
3-2-16
जनपद न्यायाधीश
जे0पी0 नगर (अमरोहा)

System manager
OSD (J) Computer
15-2-16.

# कार्यालय नजारत अनुभाग, जनपद न्यायालय, जे.पी. नगर

UPS के लिए Exide कंपनी की सेफ पॉवर 12 Volt, 28 AH की 48 बैटरियों हेतु

आवेदन पत्र/टेण्डर फार्म

| |
|---|
| नवीनतम पासपोर्ट साइज की स्वप्रमाणित फोटो चस्पा करें। |

टेण्डर वास्ते — UPS हेतु 48 Exide कंपनी की सेफ पॉवर बैटरियां, जो 12 Volt, 28 AH की हो व जिनकी कम से कम दो वर्ष की ऑन साईट वारंटी (on site warranty) हो को क्रय किए जाने के साथ-साथ जनपद न्यायालय, जे.पी. नगर में उपलब्ध 48 पुरानी बैटरियों को वापस खरीदने (buy back scheme) हेतु

| | |
|---|---|
| अग्रिम जमा धरोहर राशि- | 2500.00 रू0 |
| अग्रिम धरोहर जमा करने का तरीका | |
| बैटरी का नाम व स्पेशिफिकेशन | |
| बैटरी की on site warranty की अवधि<br>(जो न्यूनतम दो वर्ष हो) | |
| आवेदक फर्म का नाम | |
| आवेदक फर्म का पत्र-व्यवहार का पूरा पता | |
| आवेदक फर्म के कार्यालय का पूरा पता | |
| आवेदक फर्म से संपर्क हेतु मोबाईल नंबर | |
| आवेदक फर्म से संपर्क हेतु दूरभाष नंबर | |
| आवेदक फर्म से संपर्क हेतु आवेदक फर्म की ई-मेल आई.डी/या अधिकृत व्यक्ति की ई-मेल आई.डी | |
| आवेदक फर्म क्या साझेदारी फर्म है या सोल प्रोपराइटरशिप फर्म है या प्राईवेट/पब्लिक लिमिटेड कंपनी आदि है, कृप्या विशिष्ट उल्लेख करें। | |
| आवेदक फर्म की पंजीकरण संख्या<br>(प्रमाण-पत्र की सत्यापित प्रति प्रस्तुत करें) | |
| आवेदक फर्म का सेल्स-टैक्स पंजीकरण संख्या<br>(प्रमाण-पत्र की सत्यापित प्रति प्रस्तुत करें) | |
| आवेदक फर्म का Exide बैटरी बेचे जाने हेतु संबंधित कंपनी से अधिकृत होने संबंधी विवरण, जैसे कंपनी की डीलरशिप आदि का विशिष्ट उल्लेख करें।<br>(प्रमाण-पत्र की सत्यापित प्रति प्रस्तुत करें) | |
| एक पुरानी बैटरी वापस लेते हुए एक नई Exide बैटरी 12 Volt, 28 AH हेतु आवेदक फर्म द्वारा सभी खर्चों व करों को सम्मिलित करते हुए निविदा की नियम व शर्तो के अन्तर्गत प्रस्तुत मूल्य | |
| 48 पुरानी बैटरियां वापस लेते हुए 48 नई Exide बैटरियों 12 Volt, 28 AH हेतु आवेदक फर्म द्वारा सभी खर्चों व करों को सम्मिलित करते हुए निविदा की नियम व शर्तो के अन्तर्गत प्रस्तुत मूल्य | |

निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म को दो परिचय दाताओं के नाम व पता :

1. हस्ताक्षर

नाम

पता

2. हस्ताक्षर

नाम

पता

यह निविदा प्रस्तु करने से पहले मैंने सभी नियम व शर्तो को भली-भांति पढ़ लिया है और यह निविदा विज्ञप्ति की नियम व शर्तो के अधीन प्रस्तुत की जा रही है। जितनी बैटरियों के लिए आदेश प्रस्तुत किया जाएगा, उतनी संख्या में बैटरियों उपलब्ध करवाई जाएगी और बैटरियों की संख्या आदेश के अनुसार 48 से कम या ज्यादा हो सकती हैं, जिसके लिए हमारी सहमति है और इस बात को ध्यान में रखते हुए निविदा प्रस्तुत की गई है।

आवेदक/टेण्डरदाता/निविदा प्रस्तुत करने
वाली फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि के हस्ताक्षर

Approved
3.2.16

जनपद न्यायाधीश
जे0पी0 नगर (अमरोहा)